सतना | गुरुवार | 12 फरवरी 2026 | वर्ष 27 | अंक 161 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से




# राहुल के खिलाफ पेश करेंगे नोटिस

## राहुल ने भाषण में एपस्टीन और अडाणी का किया जिक्र, केंद्रीय मंत्री ने ली आपत्ति

**नई दिल्ली, 11 फरवरी. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को बजट सत्र के दौरान भाषण दिया. राहुल ने एपस्टीन फाइल्स और अडाणी पर अमेरिका में चल रहे केस का जिक्र किया और पीएम मोदी और बीजेपी पर आरोप लगाए. केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल को तुरंत टोका. उन्होंने कहा- आपने जो भी कहा है, उसे साबित करिए, नहीं तो आपकी बात सदन के रिकॉर्ड पर नहीं जानी चाहिए.**

इस पर कांग्रेस नेता ने जवाब दिया- अभी देता हूं. तुरंत सारे सबूत देता हूं. हालांकि, स्पीकर ने राहुल को टोक दिया. उन्होंने कहा- मैंने तो सबूत मांगा ही नहीं है. आप बोलते रहिए. बाद में साबित कर दीजिएगा. वहीं, किरेन रिजिजू ने कहा कि हम राहुल गांधी के खिलाफ संसद में विशेषाधिकार का नोटिस पेश करेंगे. इस पर राहुल गांधी को जवाब देना होगा. रिजिजू ने कहा कि राहुल को 5 बजे वित्त मंत्री का जवाब जरूर सुनना चाहिए.





### राहुल गांधी ने ये भी लगाए आरोप

- आपने (केंद्र सरकार) भारत को बेच दिया है. आपने हमारी मां, भारत माता को बेच दिया है. अब अमेरिका तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे. हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे.
- दुनिया में जियोपॉलिटिकल टकराव बढ़ रहा है. यह युद्ध का दौर है. गाजा, यूक्रेन को देख लीजिए. ऑपरेशन सिंदूर भी चल रहा है. भारत की सभी आईटी कंपनियां संघर्ष कर रही हैं.
- अनिल अंबानी को जेल क्यों नहीं हुई? क्योंकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है. मैं जानता हूं कि उनको एपस्टीन से किसने मिलवाया था. हरदीप पुरी भी जानते हैं कि किसने मिलवाया था.
- अमेरिका और चीन की नजर भारत के डेटा पर है. एआई के दौर में डेटा पेट्रोल की तरह है. हमारी सरकार ने बजट में डेटा पर विदेशी कंपनियों को 20 साल का टैक्स हॉलीडे दे दिया है.
- अगर हम अमेरिका से डील करते तो बराबरी पर बात होनी चाहिए. अमेरिका तय नहीं करेगा कि हमें क्या करना है.

### विपक्ष की आपत्तियों में दम नहीं : वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट पर हुई चर्चा का जवाब दिया. उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में पांच मेडिकल क्लस्टर, पांच मेगा औद्योगिक पार्क, बुजुर्ग देखभाल के लिए पेशेवरों को तैयार करने जैसी कई घोषणाएं की हैं, जिनसे लाखों रोजगारों का सृजन होगा. वित्त मंत्री ने कहा कि विपक्ष की आपत्तियों में दम नहीं है. उन्होंने कहा कि अभिषेक बनर्जी की स्पीच पर मुझे दुख हुआ. उन्होंने जानकारी तोड़ मरोड़कर पेश की. जीएसटी पर उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर मरने तक लोग जीएसटी दे रहे हैं. कहां से ला रहे हैं ये बातें. दूध के ऊपर कब जीएसटी लगा, पढ़ाई पर कब लगा,

# कनाडा के स्कूल में ताबड़तोड़ फायरिंग से 10 लोगों की मौत

**ओटावा, 11 फरवरी. कनाडाई पुलिस ने बताया कि ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक हाई स्कूल में हुई गोलीबारी में 10 लोगों की मौत हो गई. वहीं, पुलिस ने शूटर को ढेर कर दिया है.**

जानकारी के अनुसार छह लोग एक हाई स्कूल के अंदर मरे हुए पाए गए, दो और लोग एक घर में मरे हुए पाए गए, जिसके बारे में पुलिस का मानना है कि वह इस घटना से जुड़ा है. एक और व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई. साथ ही संदिग्ध शूटर की भी मौत हो गई. इसके अलावा एक लोकल मेडिकल सेंटर में 25 और लोगों की चोटों की जांच की जा रही है. वहीं कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने इस गोलीबारी के बाद अपना जर्मनी दौरा रद्द कर दिया है.

### दुखद घटना : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के एक स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना पर दुख जताया और उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया. साथ ही घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की.

### थाईलैंड में युवक ने डे-केयर सेंटर में की गोलीबारी

**हाटयाई, 11 फरवरी.** जिले के एक स्कूल में बुधवार को एक युवक ने घुसकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें कई लोगों के घायल होने की आशंका जताई गई है. वहीं कुछ लोगों को बंधक बनाए जाने की भी खबरें सामने आई थीं, हालांकि स्थानीय पुलिस ने कहा है कि कोई भी बंधक नहीं बनाया गया है.

## एक नजर में



### बीजेपी की रितु तावड़े बनीं मुंबई की नई मेयर

**मुंबई.** महानगर पालिका (बीएमसी) की विशेष आम सभा में तावड़े और घाडी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया. बीएमसी मुख्यालय में चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद सत्ताधारी और विपक्षी दलों के पार्षदों के नारेबाजी के बीच तावड़े ने मुंबई की 78वीं महापौर के रूप में कार्यभार संभाला. वहीं शिवसेना के संजय घाडी डिप्टी मेयर बने. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे समारोह में उपस्थित थे.

### सूरत में घर के अंदर मृत मिले पति-पत्नी और बेटा

**सूरत.** गुजरात के सूरत शहर में सनसनीखेज घटना सामने आई है. शहर के लालगेट इलाके में एक दंपती और 13 साल के बेटे का शव उनके अपार्टमेंट से बरामद किया. पुलिस ने गैस रिसाव के कारण दम घुटने से सभी की मौत होने की आशंका जताई है. हालांकि डीसीपी ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है. पुलिस ने बताया कि फैज अहमद (45), मुबीना (36) और नोमान (12) के शव सुबह करीब साढ़े 11 बजे बरामद किए गए.

### वृंदावन के होटल में भीषण आग से 3 लोग झुलसे

**मथुरा.** मथुरा के वृंदावन में नए बने सिद्धि विनायक होटल में बुधवार को भीषण आग लग गई. इससे होटल के अंदर घना धुआं भर गया. इसमें 3 लोग बुरी तरह झुलस गए, जबकि 40 लोग होटल के अंदर फंसे हुए है. बुधवार को ही होटल का उद्घाटन हुआ था. इसके कुछ ही घंटे बाद आग लगने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं. अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए क्रेन की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया.

# पुस्तक विवाद पर पेंगुइन इंडिया के प्रतिनिधियों को भेजा समन

### प्रतिनिधियों को पूछताछ के लिए किया तलब

**नई दिल्ली, 11 फरवरी. दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा (स्पेशल सेल) ने प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया को नोटिस जारी कर उसके प्रतिनिधियों को पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया है.**

पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के संस्मरण, फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी, के आधिकारिक प्रकाशन से पहले इसके कथित तौर पर सार्वजनिक होने की जांच के संबंध में यह कार्रवाई की गई है. इस पुस्तक के मुद्रण से पहले सार्वजनिक होने के संबंध में पहले ही एक मामला दर्ज किया था. इस पुस्तक में 2020 की गलवान घाटी झड़प का विवरण शामिल है.

पुलिस सूत्रों के अनुसार अब मौजूदा प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में आपराधिक षडयंत्र की धाराएं जोड़कर जांच का दायरा बढ़ा दिया है. प्रकाशक को यह नोटिस पुस्तक की स्थिति पर हाल ही में हुए विवाद के बाद दिया गया है. बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनरल नरवणे के 2023 के एक सोशल मीडिया संदेश का उल्लेख किया था, जिसमें कहा गया था कि पुस्तक अब उपलब्ध है.

# बांग्लादेश में आज चुनाव के दौरान हिंसा की आशंका

**ढाका, 11 फरवरी.** अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व बांग्लादेश में गुरुवार को पहला संसदीय चुनाव होगा. यह चुनाव छात्र विद्रोह की वजह से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के लगभग डेढ़ साल बाद होगा. चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, हालांकि चुनाव में हिंसा की आशंका जताई गई है. भारत के उलट, बांग्लादेश में चुनाव अलग-अलग फेज में नहीं होते है, चुनाव गुरुवार को केवल एक ही दिन होंगे. मतदान बांग्लादेश समय के अनुसार सुबह 7.30 से शाम 4.30 तक होगा. यह चुनाव ईवीएम के जरिए नहीं, बल्कि बैलेट पेपर से होगा और एक साथ दो वोट डाले जाएंगे.

# 'हरियाखेड़ी' से सिंहस्थ में मिलेगा शुद्ध पेयजल

## मुख्यमंत्री ने उज्जैन में किया हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमिपूजन



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मोक्षदायिनी शिप्रा मैया की कृपा से उज्जैन अब सिंहस्थ-2028 के लिए तैयार हो रहा है. भगवान महाकाल के आशीर्वाद से सिंहस्थ की तैयारियों के लिए 11×.67 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की जा रही हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमि-पूजन हो रहा है.**

इस परियोजना से सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा. साथ ही शहर के हर घर में लंबे समय तक जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी. सिंहस्थ के लिए उज्जैन के प्रबंधन से पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के ग्राम हरियाखेड़ी में जल आवर्धन परियोजना के भूमि-पूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लगभग 47.2× करोड़ लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ही उज्जैन जिले में प्रोजेक्ट संवर्धन आरंभ किया जा रहा है.

(शेष पेज 02 पर)

# शिवपुरी में 1 किलो सोना और ढाई किलो चांदी चोरी

### घर से 20 लाख नकद भी ले गए चोर

**शिवपुरी, 11 फरवरी. जिले के इंदार गांव से बदमाश एक घर से एक किलो सोना, ढाई किलो चांदी और करीब लाखों की नकदी लेकर भाग गए.**

कुल माल की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई गई है. घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है. पुलिस के अनुसार, सबसे बड़ी चोरी चंद्रप्रकाश रघुवंशी के घर हुई. परिजन आशीष ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य रात करीब 12 बजे सो गए थे. इसी दौरान चोर छत के रास्ते घर में घुसे और एक कमरे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए. चोरों ने कमरे में रखे तीन बक्सों के ताले तोड़ दिए और इनमें रखी 17 सोने की अंगूठियां, 3 सोने के हार, 4 सोने की चेन, पुरानी सोने की मोहरें और करीब दो किलो चांदी के जेवरात ले गए. बताया गया है कि करीब 50-60 तोला सोना नया था, जबकि लगभग 50 तोला सोना पुश्तैनी था, जिसे एक ही स्थान पर रखा गया था. उन्होंने मक्का बेचकर 15 लाख रुपए घर में रखे थे. इसके अलावा करीब 5 लाख रुपए पहले से घर में मौजूद थे. इस तरह चोर कुल 20 लाख रुपए नकद भी अपने साथ ले गए थे.

चंद्रप्रकाश रघुवंशी के तीन बेटे हैं- देवेंद्र, महेंद्र और विशाल. तीनों ही विवाहित हैं और उनके बच्चे हैं. देवेंद्र गुना में पटवारी हैं.

# अमेरिका ने पाक का उपयोग टॉयलेट पेपर की तरह किया

### पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा का तीखा बयान

**इस्लामाबाद, 11 फरवरी. पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने संसद में एक चौंकाने वाला और अब तक का सबसे तीखा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान का उपयोग टॉयलेट पेपर से भी बदतर तरीके से किया और फिर उसे फेंक दिया. आसिफ के इस बयान ने पाकिस्तान की दशकों पुरानी विदेश और सुरक्षा नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.**

संसद में बोलते हुए आसिफ ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में धार्मिक युद्ध नहीं, बल्कि अमेरिका द्वारा थोपे गए जिहाद में हिस्सा लिया. उन्होंने कहा कि 1980 के दशक में अफगान युद्ध को धार्मिक रंग देना पाकिस्तान की सबसे बड़ी गलती थी. पाकिस्तानियों को गुमराह किया.

# यूएस ने ट्रेड डील में से 'दालों' का जिक्र हटाया

### 500 अरब डॉलर की खरीद अब नहीं होगी जरूरी

### व्हाइट हाउस ने भारत-यूएस ट्रेड डील में किया बदलाव




**वॉशिंगटन/नई दिल्ली, 11 फरवरी. अमेरिका ने ट्रेड डील में भारत को और ढील दी है. व्हाइट हाउस ने भारत-यूएस ट्रेड डील पर अपनी फैक्ट शीट में बदलाव किया है, जिसमें दालों का जिक्र हटा दिया गया है. साथ ही भारत के लिए 500 अरब डॉलर की प्रस्तावित खरीद से जुड़े शब्दों को पक्के कमिटमेंट से बदलकर इंटेंट यानी इरादा कर दिया गया है.**

इससे उम्मीद है कि भारत को 500 अरब डॉलर का अमेरिकी सामान खरीदना अनिवार्य नहीं रह गया है. व्हाइट हाउस की फैक्ट शीट में उन प्रोडक्ट्स में कुछ खास दालों का साफ तौर पर जिक्र था, जिन पर भारत टैरिफ कम करेगा या खत्म करेगा. फैक्ट शीट के पुराने वर्जन में कहा गया था, भारत सभी यूएस इंडस्ट्रियल सामानों और यूएस के कई तरह के खाने और खेती के प्रोडक्ट्स पर टैरिफ खत्म करेगा या कम करेगा. इनमें सूखे डिस्टिलर्स ग्रेन, लाल ज्वार, ट्री नट्स, ताजे और प्रोसेस्ड फल, कुछ दालें, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स, और दूसरे प्रोडक्ट्स शामिल हैं, लेकिन अब व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर अभी मौजूद डॉक्यूमेंट के अपडेटेड वर्शन में अब यह बात नहीं है.

### इधर, अमेरिका ने डिलीट किया 'अखंड भारत' वाला नक्शा

**वॉशिंगटन, 11 फरवरी.** भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में अंतरिम व्यापार समझौते पर बनी सहमति के बाद अमेरिका ने अखंड भारत का नक्शा शेयर कर सबको चौंका दिया था. इस नक्शे में अमेरिका ने पीओके और अक्साई चिन को विवादित हिस्सों की बजाय भारत का अभिन्न हिस्सा दिखाया गया था, जो अमेरिका के अब तक के रवैए से मेल नहीं खा रहा था. नक्शे को लेकर खूब चर्चाएं भी हुईं. हालांकि अब अमेरिका ने एक बार फिर यू टर्न ले लिया है. अमेरिका ने अब भारत के उस नक्शे को डिलीट कर दिया है.

**आदेश** 150 वर्ष पूरे होने पर किए दिशा-निर्देश जारी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के सभी 6 पैरा अनिवार्य

# 'जन गण मन' से पहले बजेगा 'वंदे मातरम्'

**नई दिल्ली, 11 फरवरी (वार्ता) केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर इसके गायन के बारे में औपचारिक दिशा-निर्देश जारी किए. बताया कि अब से इसे सभी आधिकारिक कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से पूरा गाना होगा.**




मंत्रालय ने जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि यदि वंदे मातरम् और राष्ट्रीय गान जन गण मन दोनों एक साथ प्रस्तुत किए जाने हों तो पहले राष्ट्रीय गीत गाया जाएगा. ताजा निर्देशों में कहा गया है किबंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम् के सभी छह अंतरे पूरे गाए जाने चाहिए. मंत्रालय ने कहा कि यह प्रोटोकॉल सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत के पालन में एकरूपता लाने के उद्देश्य से बनाया गया है. गीत के आधिकारिक पूर्ण संस्करण की अवधि लगभग तीन मिनट दस सेकेंड है. अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे. आदेश के तहत वंदे मातरम् का संस्करण प्रमुख राजकीय और औपचारिक समारोहों में बजेगा. इनमें नागरिक अलंकरण समारोह, औपचारिक राज्य समारोहों में राष्ट्रपति का आगमन और प्रस्थान तथा राष्ट्रपति के राष्ट्र के नाम रेडियो और टेलीविजन प्रसारण से पहले और बाद के अवसर शामिल हैं. इसी प्रकार अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में राज्यपाल या उपराज्यपाल की उपस्थिति वाले औपचारिक समारोहों में तथा राष्ट्रीय ध्वज के परेड में लाए जाने के समय भी इसे समान सम्मान दिया जाएगा. केंद्र सरकार विशेष आदेश द्वारा अन्य अवसरों पर भी इसके वादन की अनुमति दे सकती है. बता दें कि बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 के दिन इस गीत की रचना की थी और यह 1882 में पहली बार उनके उपन्यास आनंदमठ में छपा था. वंदे मातरम को वर्ष 1950 में राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया था.

### ये है नया प्रोटोकॉल

- राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत गाए
- सामूहिक रूप से पूरे छह पैरा गाए
- कितनी देर बजेगा - 3 मिनट 10 सेकेंड
- राष्ट्रगान की तरह लोग सावधान मुद्रा में खड़े रहेंगे.

### कब-कब गाया जाएगा राष्ट्रगीत

- राष्ट्र ध्वज को परेड में लाते समय
- तिरंगा फहराते समय
- किसी कार्यक्रम में राष्ट्रपति के पहुंचने पर
- राष्ट्रपति के संबोधन से पहले और बाद में
- राज्यपाल / उपराज्यपाल के समारोह में
- राज्यपालों के भाषण से पहले और बाद में
- स्कूलों में कामकाज शुरू होने से पहले.